PRGI Reg. No. : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 275 ● भिलाई, बुधवार 13 मई 2026 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

**पहला कॉलम**

## दिल्ली में असम और नागालैंड की 2 युवतियों से मारपीट और अभद्रता

**नईदिल्ली।** दिल्ली में एक बार फिर पूर्वोत्तर की युवतियों से नस्लीय भेदभाव का मामला सामने आया है। इस बार नेहरू प्लेस इलाके में असम और नागालैंड की युवतियों को निशाना बनाया गया है। घटना रविवार 10 मई की बताई जा रही है। युवतियों ने आरोप लगाया कि सुबह दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के इरोस होटल के पास चाय पीते समय उनके साथ छेड़छाड़ की गई और नस्लवादी टिप्पणियां की गईं। पुलिस ने युवतियों की शिकायत पर 4 युवकों की पहचान की है। पुलिस ने बताया कि रविवार शाम को एक युवती अपनी दोस्त के साथ नेहरू प्लेस में इरोस होटल के पास चाय पीने पहुंची थीं, तभी कुछ युवकों ने उन पर अश्लील और नस्लीय टिप्पणी की। युवतियों के बहस के बाद मामला बढ़ गया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब दोनों ने मौके से निकलने की कोशिश की तो उन पर युवकों ने बांस की छड़ी से हमला किया और उनके कपड़े फाड़े।

## दिल्ली में युवक की बेरहमी से हत्या

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के थाना प्रेम नगर क्षेत्र से दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जहां एक दोस्त पर अपने ही दोस्त की हत्या का आरोप लगा है. आरोप है कि मृतक को उसके ही दोस्त ने एक महिला मित्र के घर बुलाया और फिर गला रेतकर मौत के घाट उतार दिया. पुलिस ने मामले में तेजी से कार्रवाई कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. मृतक की पहचान मनीष के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि मनीष अपने घर पर बैठा हुआ था, तभी उसके दोस्त राज का फोन आया. राज ने मनीष को अपनी महिला मित्र के घर बुलाया. मनीष अपने परिजनों को सिर्फ दस मिनट में लौटने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिवार वालों की चिंता बढ़ गई. इसके बाद मनीष के पिता अपने बेटे की तलाश में निकल पड़े, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिला. पूरी रात खोजबीन चलती रही. अगले दिन सुबह परिवार पर उस वक्त दुखों का पहाड़ टूट पड़ा जब पुलिस द्वारा सूचना दी गई कि मनीष की गला रेतकर हत्या कर दी गई है।

## मनोज कुमार अग्रवाल बने बंगाल के नए मुख्य सचिव

**कोलकाता।** बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल को राज्य का अगला मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। बता दें कि उन्होंने गत विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मनोज अग्रवाल वेस्ट बंगाल कैडर के 1990 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के तौर पर उन्हीं की निगरानी में विधानसभा चुनाव संपन्न हुआ था। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से जारी आदेश में कहा गया, %मनोज कुमार अग्रवाल को पश्चिम बंगाल का नया मुख्य सचिव बनाया गया है, इस नियुक्ति से पहले वे राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और गृह विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत थे। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू होता है और अगले आदेश तक वे इस पद पर बने रहेंगे।

**नीट-यूजी परीक्षा रद्द**

# सीबीआई करेगी पेपर लीक की जांच,इसी महीने हुआ था एग्जाम

नई दिल्ली/ एजेंसी

इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है। नीट-यूजी परीक्षा-2026 रद्द हो गई है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने पेपर लीक विवाद के कारण नीट-यूजी परीक्षा रद्द कर दी है। पेपर लीक की जांच सीबीआई करेगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसीने कहा है कि नई परीक्षा की तारीख जल्द घोषित की जाएगी। दावा किया जा रहा था कि एग्जाम के 125 सवाल हूबहू गेस पेपर से मेल खा रहे थे। इसके बाद एनटीए ने परीक्षा को रद्द कर दिया है। एजेंसी ने जारी बयान में कहा कि 3 मई 2026 को आयोजित हुई नीट यूजी परीक्षा अब दोबारा कराई जाएगी। नई परीक्षा की तारीखें जल्द घोषित की जाएगी एनटीए ने 3 मई को देशभर में नीट यूजी 2026 का आयोजन किया था, जिसमें पूरे देश से 22 लाख से अधिक कैंडिडेट्स नीट यूजी 2026 एग्जाम में शामिल हुए थे। एनटीए ने कहा कि 10 मई 2026 की प्रेस रिलीज के क्रम में यह फैसला लिया गया है। एजेंसी के मुताबिक, 8 मई को परीक्षा से जुड़े मामलों को स्वतंत्र जांच और जरूरी कार्रवाई के लिए केंद्रीय एजेंसियों को भेजा गया था। इसके बाद केंद्रीय जांच एजेंसियों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों से मिले इनपुट और जांच रिपोर्ट की समीक्षा की गई।




पेपर लीक होने को लेकर सीबीआई जांच के भी आदेश दिए गए। एजेंसी ने कहा कि एग्जाम सिस्टम में पारदर्शिता बनाए रखने और निष्पक्ष व विश्वसनीय परीक्षा तय करने के लिए यह कदम उठाया गया है। एनटीए के अनुसार, अब नीट यूजी 2026 परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी। नीट-यूजी परीक्षा-2026 पेपर लीक का मामला राजस्थान के सीकर से आया था। मामले की जांच राजस्थान पुलिस एसओजी कर रही है। एसओजी शुरुआत में मान रही थी कि नीट यूजी पेपर लीक नहीं हुआ थाय् हालांकि एसओजी ने स्वीकारा था कि नीट यूजी 2026 गेस पेपर एग्जाम से पहले वायरल हुआ था, जिससे सवाल मेन एग्जाम में आए थे। सूत्रों के मुताबिक परीक्षा के प्रश्न पत्र छपने से पहले ही कुछ सवाल एक गैंग तक पहुंच गए थे। बताया जा रहा है कि बायोलॉजी के करीब 90 और केमिस्ट्री के 35 सवाल परीक्षा से पहले ही बाहर आ चुके थे। नीट एग्जाम में हूबहू यही सवाल आए थे। इस तरह कुल 120 सवाल पहले ही बाहर आ चुके थे। जबकि नीट यूजी में कुल 180 सवाल पूछे जाते हैं। एसओजी नेमामले में जयपुर से मनीष नाम के एक व्यक्ति को हिरासत में लिया हैय् जांच एजेंसी उसे इस पूरे नेटवर्क का मुख्य संचालक मान रही है। उसके मोबाइल, कॉल रिकॉर्ड और संपर्कों की गहराई से जांच की जा रही है।

### यह केवल नाकामी नहीं, युवाओं के भविष्य के साथ अपराध-राहुल गांधी

नीट यूजी 2026 की परीक्षा रद्द होने पर राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि 22 लाख से ज्यादा छात्रों की मेहनत, त्याग और सपनों को इस भ्रष्ट भाजपाई व्यवस्था ने कुचल दिया। राहुल गांधी ने कहा कि किसी पिता ने कर्ज लिया, किसी माँ ने गहने बेचे, लाखों बच्चों ने रात-रात भर जागकर पढ़ाई की और बदले में मिला, पेपर लीक, सरकारी लापरवाही और शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार। राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सिर्फ़नाकामी नहीं, युवाओं के भविष्य के साथ अपराध है। हर बार पेपर माफिया बच निकलते है और ईमानदार छात्र सज़ा भुगतते हैं। उन्होंने कहा कि अब लाखों छात्र फिर से वही मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और अनिश्चितता झेलेंगे। अगर अपनी तकदीर परिश्रम से नहीं, पैसे और पहुँच से तय होगा, तो फिर शिक्षा का मतलब क्या रह जाएगा? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का तथाकथित अमृतकाल, देश के लिए विषकाल बन गया है।



**एनडीए के तीसरे कार्यकाल का भव्य आगाज**

# हिमंता बिस्वा सरमा दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली....

नई दिल्ली/ एजेंसी



असम में हिमंता बिस्वा सरमा ने दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए 126 में से 102 सीटों पर कब्जा जमाया था। खास बात यह रही कि असम में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार बनी है। हिमंता राज्य के पहले गैर-कांग्रेसी नेता बन गए हैं जिन्होंने लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद संभाला। गुवाहाटी में हुए भव्य शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई बड़े एनडीए नेता शामिल हुए। सोशल मीडिया पर भी दूसरी बार, हिमंता सरकार और ह्यह्वद्बद्ग ह्ल 3.0 तेजी से ट्रेंड करता रहा। चुनाव जीत के बाद हिमंता ने साफ कहा कि पहला कार्यकाल सिर्फ ट्रेलर था, जबकि अब असम में विकास और बड़े फैसलों की पूरी तस्वीर दिखाई जाएगी। गुवाहाटी के खानापारा के एक मैदान में आयोजित भव्य समारोह में राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने उन्हें और उनके नए मंत्रिपरिषद को शपथ दिलाई। इसी के साथ राज्य में भारतीय जनता पार्टी के लगातार तीसरे कार्यकाल की आधिकारिक शुरुआत हो गई है। शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा की अजंता नियोग, रामेश्वर तेली, अगप प्रमुख अतुल बोरा और बीपीएफ के चरण बोरो ने मंत्री पद की शपथ ली। इसके अलावा, पूर्व मंत्री रंजीत कुमार दास को विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए राजग का उम्मीदवार घोषित किया गया है। इस ऐतिहासिक पल के गवाह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, और निर्मला सीतारमण जैसे दिग्गज नेता बने।

**ईरान के परमाणु ठिकाने तबाह !**

# न्यूक्लियर डस्ट निकालने की भी क्षमता नहीं बची



**नई दिल्ली।** अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमलों के बाद ईरान के परमाणु ठिकानों को लेकर बड़ा दावा सामने आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि ईरान के परमाणु केंद्र इतने बुरी तरह नष्ट हो चुके हैं कि वहां से रेडियोएक्टिव सामग्री यानी 'न्यूक्लियर डस्ट' निकालना भी अब उसके लिए संभव नहीं रह गया है। फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने दावा किया कि ईरानी अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि भारी बमबारी के कारण परमाणु सामग्री जमीन के बेहद गहरे हिस्सों में दब चुकी है। उनके अनुसार, ईरान के पास अब उसे सुरक्षित बाहर निकालने की तकनीकी और ऑपरेशनल क्षमता नहीं बची है। ट्रंप ने साफ कहा कि अमेरिका किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि आगे की कार्रवाई को लेकर अभी अंतिम निर्णय नहीं हुआ है और यह आने वाली रणनीतिक बातचीत तथा संभावित समझौतों पर निर्भर करेगा। उन्होंने संकेत दिए कि अमेरिकी प्रशासन ईरान को लेकर कई सैन्य और कूटनीतिक विकल्पों पर विचार कर रहा है। व्हाइट हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अमेरिकी सेना के वरिष्ठ जनरलों का एक बड़ा समूह अगले आदेश का इंतजार कर रहा है।

### ईरान के युद्धविराम प्रस्ताव को भी किया खारिज

रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक प्रस्ताव भेजा था, लेकिन ट्रंप ने उसे पूरी तरह अस्वीकार्य बताते हुए ठुकरा दिया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा: मैंने ईरान के तथाकथित प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया। यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। ट्रंप ने ईरान पर दशकों से अमेरिका के साथ खेल खेलने का आरोप भी लगाया और कहा कि अब हालात बदल चुके हैं।

### रुद्रप्रयाग में दो हेलीकॉप्टरों की इमरजेंसी लैंडिंग

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ क्षेत्र में अचानक मौसम खराब होने और घना कोहरा छाने एवं धुंध के कारण सोमवार को दो हेलिकॉप्टरों को एहतियातन अगस्त्यमुनि मैदान स्थित हेलिपैड पर आकस्मिक उतारना पड़ा। जानकारी के अनुसार हिमालयन हेली सेवा का एक हेलिकॉप्टर श्री बदरीनाथ से सेरसी की ओर जा रहा था जबकि इंडो कॉप्टर कंपनी का दूसरे हेलिकॉप्टर ने सहस्त्रधारा से फाटा के लिए उड़ान भरी थी। गुप्तकाशी एवं ऊखीमठ क्षेत्र में दृश्यता कम होने के कारण दोनों पायलटों ने यहां सुरक्षित लैंडिंग का निर्णय लिया।

**आगरा में बड़ा हादसा**

# यमुना में डुबकी लगाते छह युवक-युवतियां और किशोर चार की मौत;परिजनों में मचा कोहराम..

**आगरा।** आगरा के बल्केश्वर घाट पर मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। भीषण गर्मी में यमुना में डुबकी लगाने के लिए कूदे छह युवक-युवतियां संग एक किशोर डूब गया। इन सभी को एक साथ डूबते हुए देख घाट पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद थाना पुलिस और राहत टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस और स्थानीय गोताखोरों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू कर दिया। कड़ी मशक्कत के बाद पांच युवक-युवतियों को यमुना से बाहर निकाल लिया गया। इनमें से हालत गंभीर होने पर तीन को उपचार के लिए एसएन अस्पताल की इमरजेंसी भेजा गया, जहां दो युवक और एक युवती की मौत हो गई। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए। उनका रो-रोकर हाल बेहाल है। वहीं यमुना में दो घंटे की तलाश के बाद किशोर की भी लाश मिल गई। किशोर के शव को



देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। डीसीपी सिटी सैय्यद अली अब्बास ने बताया कि यमुना में नहाने के लिए 19 वर्षीय महक पुत्री कालीचरण, 22 वर्षीय कान्हा पुत्र रिंकू सिंह, 20 वर्षीय अंशु पुत्री कालीचरण निवासी कुंजनपुर, थाना सादाबाद और 17 वर्षीय रिया पुत्री मनोज, 11 वर्षीय विक्की पुत्र राकेश आए थे। डीसीपी ने बताया कि महक , रिया ,कान्हा, काजल, अंशु को यमुना नदी से बाहर निकाल लिया गया है। इन सभी को उपचार के लिए एसएन अस्पताल की इमरजेंसी भेजा गया, जहां उपचार के दौरान कान्हा, महक और रिया की मौत हो गई।




विश्व नर्सिंग दिवस पर 12 मई मंगलवार को एस आर हॉस्पिटल एंड कॉलेज चिखली में केक काट कर इस दिन को यादगार बनाया गया। इस अवसर पर डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**पेट्रोल-डीजल वाली अपील के बाद राजनाथ**

# मैं लोगों से शांत रहने की अपील करता हूं..

**नई दिल्ली।** ईरान अमेरिका और इजरायल युद्ध से विश्व में पैदा हुए ऊर्जा संकट के बीच पीएम मोदी ने सोमवार को लोगों से सोच समझकर पेट्रोल- डीजल का इस्तेमाल करने की अपील की। साथ ही उन्होंने सोना खरीदने से भी परहेज करने को कहा। उनकी इस अपील के बाद देश के भीतर एक हड़बड़ाहट लोगों में देखी गई। जगह-जगह पेट्रोल पम्पों पर भारी भीड़ देखने को मिलने लगी। ऐसे में सर्कार ने साफ कहा है कि देश के भीतर संसाधनों की कोई कमी नहीं है। पीएम की अपील अच्छी भावना के साथ की गई थी। इस बीच ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला और जरूरी वस्तुओं की घरेलू उपलब्धता की समीक्षा को लेकर आज मंत्रियों के समूह की पांचवीं बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में देश में आवश्यक वस्तुओं और ऊर्जा आपूर्ति पर संभावित जोखिमों का आकलन किया गया। इस बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए।

**सीएम ने की मृतकों को 5-5 लाख मुआवजा की घोषणा**

# सिलेंडर ब्लास्ट से एक ही परिवार के चार लोग जिंदा जले..

दुर्ग। संवाददाता

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में मंगलवार दोपहर सिलेंडर ब्लास्ट होने से एक ही परिवार के चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतकों में 2 बहनें, पिता और एक डेढ़ साल की बच्ची शामिल है। पूरा मामला कुम्हारी थाना क्षेत्र के खपरी गांव का है। इस हादसे पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शोक जताया है और मृतकों के परिजन को 5-5 लाख रुपए और जिला प्रशासन ने 4-4 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। हादसे के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की और इस घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि सीएम के निर्देश पर दुर्ग कलेक्टर को इस पूरी घटना की जांच के निर्देश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक बिजली खंभे में शॉर्ट सर्किट से मकान में आग लगी। खंभे के नीचे घर के प्लास्टिक और तिरपाल से बने छप्पर में लगी आग फैलते हुए कीचन तक जा पहुंची, जिससे गैस सिलेंडर फट गया। धमाका इतना जोरदार था कि आग की लपटों ने पूरे मकान को चपेट में ले लिया। घर के अंदर मौजूद परिवार के सदस्य बाहर निकल नहीं सके और जिंदा जल गए। आसपास के लोगों ने धमाके की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग काफी फैल हो



चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घर के अंदर से 4 लोगों के शव बरामद किए गए हैं। घटना की सूचना पर सांसद विजय बघेल, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, एसएसपी विजय अग्रवाल, कलेक्टर अभिजीत सिंह और जिला प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिस वक्त हादसा हुआ, उस समय घर में 2 बहनें चांदनी वैष्णव (18 वर्ष), लक्ष्मी वैष्णव (20 वर्ष) और डेढ़ साल की गोपिका वैष्णव भी मौजूद थीं। घर में दोनों बहनों के पिता अनिल वैष्णव (45 वर्ष) भी मौजूद थे। हादसा इतना भयावह था कि चारों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों के शव को पंचनामा कर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं अनिल वैष्णव की पत्नी, बेटा और एक बेटी घर के बाहर थे, जिससे उनकी जान बच गई। हालांकि, बाहर मौजूद बेटी की डेढ़ साल की मासूम बच्ची घर के अंदर थी, जिसको भी आग में जलकर मौत हो गई।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में शामिल हुए विधायक, कलेक्टर, अनेक जनप्रतिनिधि और श्रध्दालु



**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष पूर्ण होने पर जिला प्रशासन द्वारा ज्वालेश्वर महादेव मंदिर परिसर तवाडबरा विकासखंड गौरेला में सोमवार को आयोजित भजन संध्या में विधायक श्री प्रणव कुमार मरपच्ची, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री समीरा पैकरा, उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह, कलेक्टर डा संतोष कुमार देवांगन सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रध्दालु उपस्थित हुए। विधायक और कलेक्टर ने ज्वालेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर जिले वासियों की सुख समृध्दि की कामना की। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की सनातन संस्कृति, आस्था और आत्मगौरव का प्रतीक माना जाता है। इसी भावना को केंद्र में रखकर आयोजित भजन संध्या में भक्ति और राष्ट्र गौरव का अद्भुत संगम देखने को मिला। भजन गायकों-साजन पाठक, मीनाक्षी केशवानी और कीर्ति कुसरो ने भक्ति से सराबोर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। देर रात तक चले भक्ति संगीत में श्रद्धालु भक्ति रस में झूमते नजर आए और पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। भजन संध्या कार्यक्रम में कलेक्टर ने सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास, सनातन परंपरा की मजबूती और भारतीय संस्कृति की अखंडता पर प्रकाश डालते हुए इसे राष्ट्र की आस्था और स्वाभिमान का प्रतीक बताया। आयोजन ने क्षेत्र में धार्मिक चेतना और सामाजिक एकता का संदेश भी दिया।

### आदर्श आचार संहिता लागू होने से कुछ वार्ड एवं ग्राम पंचायतों को रखा गया सुशासन तिहार शिविर से मुक्त

**बिलासपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले जन समस्या निवारण शिविरों के संबंध में आंशिक संशोधन आदेश जारी किया गया है। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव के मद्देनजर कुछ क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण संबंधित वार्ड एवं ग्राम पंचायतों को सुशासन तिहार शिविर कार्यक्रम से मुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार नगर निगम बिलासपुर के जोन क्रमांक 04 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 29 में आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण 2 जून 2026 को एल-2 दुर्गा पंडाल के पास प्रस्तावित शिविर से मुक्त किया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत उपचुनाव वाले क्षेत्रों में भी सुशासन तिहार के अंतर्गत प्रस्तावित जन समस्या निवारण शिविरों में आंशिक संशोधन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार जिन ग्राम पंचायतों में आदर्श आचार संहिता लागू है, वहां प्रस्तावित शिविरों से इन ग्रामों को मुक्त किया गया है। इनमें गतोरा, रिस्दा, गिधपुरी-ओखर, करगीखुर्द, केवटाडीह (भू.) तथा कलारतराई,रानीसागर पंचायत क्षेत्र शामिल हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं आदर्श आचार संहिता का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा आम नागरिकों को संशोधित कार्यक्रम की जानकारी समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### 45 लाख की चांदी सड़क पर गुम, कुरियर बॉय की एक गलती से मचा हड़कंप

**बिलासपुर।** बिलासपुर में 45 लाख रुपए कीमत की चांदी रहस्यमयी तरीके से गायब होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद सराफा कारोबारियों और कुरियर कंपनी में हड़कंप मच गया है। मामला सदर बाजार स्थित प्रतिमा ज्वेलर्स से जुड़ा हुआ है, जहां रायपुर से भेजी गई चांदी की खेप अधूरी पहुंची। जानकारी के मुताबिक रायपुर से वीआईपी कुरियर के जरिए करीब 18 किलो चांदी बिलासपुर भेजी गई थी। डिलीवरी के दौरान कुरियर बॉय केवल 10 किलो चांदी वाला पार्सल ही सौंप पाया, जबकि लगभग 8 किलो चांदी से भरा दूसरा पार्सल रास्ते में गायब हो गया। गायब चांदी की कीमत करीब 45 लाख रुपए बताई जा रही है। कुरियर बॉय ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि सत्या सर्विसेस से डॉ. लाडीकर हॉस्पिटल के बीच कहीं पार्सल गिर गया। काफी खोजबीन के बाद भी पार्सल का कोई सुराग नहीं मिल पाया। घटना की जानकारी मिलते ही प्रतिमा ज्वेलर्स के संचालक ने कोतवाली थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

# कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश



**बिलासपुर।** जिला कार्यालय के मंथन सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज जिलेभर से पहुंचे लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त श्री प्रकाश कुमार सर्वे एवं जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल ने भी लोगों की समस्याओं को सुना। जनदर्शन में आज अवैध कब्जा, सीमांकन, महतारी वंदन योजना, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना से संबंधित प्रकरण ज्यादा प्राप्त हुए। जनदर्शन में आज मस्तुरी विकासखण्ड के बेलपान गांव के ग्रामीणों ने आवेदन देकर बताया कि गांव में स्थापित कालिन्दी इस्पात कंपनी द्वारा भूजल का अत्यधिक दोहन किए जाने से गांव में जल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों ने बताया कि कंपनी ने पूर्व में शिवनाथ नदी से पानी उठाने की बात कहीं थी लेकिन वर्तमान में बोरवेल और पाइपलाइन के माध्यम से भूजल का अंधाधुंध दोहन औद्योगिक कामों के लिए किया जा रहा है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की। मस्तुरी विकासखण्ड के ग्राम पोड़ी के किसानों ने बांधा जलाशय चौड़ीकरण कार्य में अधिग्रहित निजी भूमि की मुआवजा डेढ़ दशक बाद भी नहीं मिलने की शिकायत की। पोड़ी के लगभग 40 किसानों का मुआवजा अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। कलेक्टर ने भू अभिलेख शाखा को उनका आवेदन भेजते हुए त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए है। जरहाभाठा निवासी अमीना बेगम ने निराश्रित पेंशन की राशि पुनः चालू करने की मांग करते हुए आवेदन दिया। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि वह अभी जीवित है लेकिन नगर निगम द्वारा उन्हें मृत बताकर पेंशन बंद कर दिया है। कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक को इसी जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। वहीं जिले की विभिन्न शराब दुकानों में कार्यरत करीब 150 सुरक्षा गार्डों ने जनदर्शन में पहुंचकर पिछले दो माह से वेतन नहीं मिलने की शिकायत की। गार्डों ने बताया कि निर्धारित समय से अधिक ड्यूटी लेने के बावजूद उन्हें समय पर वेतन और ओवरटाइम भुगतान नहीं मिला है। इस पर कलेक्टर ने आबकारी अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम लमेर के एक युवा किसान भाग्योदय ने कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक अपनाने की इच्छा जताते हुए कलेक्टर से कृषि ड्रोन पायलट प्रशिक्षण और ड्रोन खरीदी में सब्सिडी प्रदान करने का आग्रह किया, ताकि वे गांव में ही स्वरोजगार शुरू कर सकें। वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत पाली (नवाडीह) के निवासी बड़ी संख्या में मोहल्ले के बीचों-बीच लगाए गए 6 बिजली खंभों के विरोध में नजर आए। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के एक व्यक्ति द्वारा अपने निजी उपयोग के लिए सुरक्षा नियमों को ताक पर रखकर ये खंभे लगवाए गए हैं, जिससे बस्ती में हादसे का खतरा बढ़ गया है। कलेक्टर ने इसे टीएल पंजी में दर्ज करते हुए बिजली विभाग को अगली बैठक में जवाब देने को कहा है।

# आधुनिक कृषि तकनीकों से किसान महेश हुए आत्मनिर्भर

- उद्यानिकी विभाग की योजनाओं से संवर रहा किसानों का जीवन



**बिलासपुर।** बिल्हा के कछार निवासी श्री महेश कश्यप क्षेत्र के एक प्रगतिशील किसान हैं। वे पूर्व में परंपरागत खेती करते थे, जिसमें लागत अधिक और लाभ कम प्राप्त होता था। उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित समेकित उद्यानिकी विकास योजना की जानकारी मिलने पर उन्होंने आधुनिक तकनीकों को अपनाने का निर्णय लिया। उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में श्री कश्यप ने अपने खेत में ड्रिप सिंचाई, प्लास्टिक मल्चिंग तथा वर्मी कम्पोस्ट खाद का उपयोग करते हुए बैंगन एवं अन्य सब्जियों की उन्नत खेती प्रारंभ की। विभाग द्वारा उन्हें लगभग 2.00 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधरोपण एवं फेंसिंग हेतु अनुदान भी प्रदान किया गया। किसान श्री महेश ने अंतरवर्ती फसल के रूप में कद्दू एवं अन्य सब्जियों की खेती की, जिससे अतिरिक्त आय प्राप्त हुई। ड्रिप सिंचाई तकनीक अपनाने से पानी की बचत हुई तथा फसल में रोग एवं खरपतवार की समस्या भी कम हुई। मल्चिंग के उपयोग से मिट्टी में नमी बनी रही और उत्पादन में वृद्धि हुई। श्री महेश कश्यप ने लगभग 4.5 एकड़ क्षेत्र में खेती कर अनुमानित 900 से 1100 क्विंटल उत्पादन प्राप्त किया। इस खेती में लगभग 7 से 8 लाख रुपये की लागत आई, जबकि बिक्री से उन्हें लगभग 14 से 15 लाख रुपये की आय प्राप्त हुई। इस प्रकार उन्हें अच्छी आमदनी हुई और उनकी आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया। आज श्री महेश कश्यप अपने क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन चुके हैं।

## केंद्रीय चिकित्सालय, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर में आधुनिक रसोई परिसर एवं नवीन पंजीकरण/स्वागत कक्ष का शुभारंभ

**बिलासपुर।** केंद्रीय चिकित्सालय, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर में नवनिर्मित एवं आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित रिनोवेटेड किचन कॉम्प्लेक्स तथा ओपीडी कॉम्प्लेक्स के नवीन पंजीकरण/स्वागत कक्ष का उद्घाटन विधिवत फीता काटकर श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, अध्यक्षा, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन (सेक्रो) द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अस्पताल में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के साथ-साथ मरीजों एवं उनके परिजनों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और सुविधाजनक वातावरण प्रदान करना रेलवे प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।



उन्होंने कहा कि आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास से न केवल मरीजों को बेहतर उपचार वातावरण मिलेगा, बल्कि अस्पताल की कार्यप्रणाली भी अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनेगी। नवनिर्मित रसोई परिसर में आधुनिक उपकरणों, स्वच्छता मानकों तथा सुरक्षित खाद्य प्रबंधन व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया है। इससे मरीजों को गुणवत्तापूर्ण, पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जा सकेगा। इसी प्रकार, ओपीडी कॉम्प्लेक्स में स्थापित नवीन पंजीकरण/स्वागत कक्ष के प्रारंभ होने से मरीजों को पंजीकरण, मार्गदर्शन एवं आवश्यक जानकारी प्राप्त करने में अधिक सुविधा होगी। इससे ओपीडी सेवाओं में सुव्यवस्था एवं कार्यकुशलता भी बढ़ेगी तथा मरीजों की प्रतीक्षा अवधि में कमी आएगी।

# डीएमएफशासी परिषद की बैठक, 150 करोड़ रूपए की वार्षिक कार्य-योजना का अनुमोदन



**बिलासपुर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में 150 करोड़ रूपए राशि की वित्तीय वर्ष 2026-27 की नवीन वार्षिक कार्य-योजना का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। बैठक में विधायक सर्वश्री श्री धरमलाल कौशिक, श्री धर्मजीत सिंह, श्री सुशांत शुक्ला, श्री दिलीप लहरिया, श्री अटल श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश सूर्यवंशी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री प्रकाश कुमार सर्वे, जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल, एसडीएम श्रीमती आकांक्षा त्रिपाठी सहित शासी परिषद के सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिले के विकास के लिए प्रस्तुत प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा कर अनुमोदन दिया गया। जिसमें प्रमुख रूप से जिले में पेयजल से संबंधित कार्यों के लिए 5 करोड़ 60 लाख रूपए, स्वास्थ्य सेवा को प्रभावी बनाने के लिए 16 करोड़, शिक्षा के लिए 31 करोड़ 64 लाख रूपए जिसमें महाविद्यालयों में शेड निर्माण, शिक्षा सेंटर के लिए शेड निर्माण, स्कूलों में आवश्यकतानुसार कक्ष एवं शेड निर्माण सहित अन्य कार्य शामिल है। महिला एवं बाल कल्याण के लिए 6 करोड़ का प्रावधान किया गया है। पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के लिए 11 करोड़, वृद्ध एवं दिव्यांगजन कल्याण के लिए 10 करोड़ 35 लाख रूपए, कौशल विकास के लिए 8 करोड़ सहित अन्य कार्यों का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा बैठक में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक सियान सदन, पुलिस विभाग को दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने के लिए तीन एम्बुलेंस, शहर के घनी आबादी वाले क्षेत्र गोल बाजार और नेहरू चौक से कोर्ट परिसर तक अंडरग्राउण्ड बिजली व्यवस्था, मल्हार मंदिर परिसर में शेड निर्माण, पुलिस ग्राउण्ड के मुख्य मंच का कायाकल्प, मंगला, तिफरा, उस्लापुर और बहतराई में मुक्तिधाम, सभी विकासखण्डों के चुनिंदा ग्राम पंचायतों में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र, ट्रैफिक नियंत्रण के लिए हाइड्रा वाहन आदि विकास कार्यों के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

# पेंड्रारोड और मरवाही को मिली बड़ी न्यायिक सौगात



- हाई कोर्ट के मुख्य न्यायधीश श्री रमेश सिन्हा ने न्यायिक कर्मचारियों के लिए आवासीय परिसर एवं नवीन सिविल कोर्ट भवन का किया वर्चुअल भूमि पूजन
- निर्माण कार्य एनआईटी मानकों के अनुरूप और पूरे प्रदेश के लिए अनुकरणीय हो: मुख्य न्यायाधीश

**मरवाही।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायलय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा ने आज जीपीएम जिले को बड़ी न्यायिक सौगात देते हुए पेंड्रारोड में डीआरडीए कार्यालय के पीछे न्यायिक कर्मचारियों के लिए सर्वसुविधायुक्त आवासीय परिसर और मरवाही में नवीन सिविल कोर्ट भवन निर्माण के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भूमि पूजन किया। मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा ने वर्चुअली संबोधन के दौरान जिला जज एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी प्रस्तावित निर्माण कार्य शासन द्वारा निर्धारित एनआईटी के मापदंडों के अनुरूप कराए जाएं। उन्होंने कहा कि भवनों का निर्माण गुणवत्ता, सुविधा और आधुनिक संरचना के लिहाज से ऐसा हो कि वह पूरे प्रदेश में अनुकरणीय बन सके। इस अवसर पर हाईकोर्ट की पोर्टफोलियो जज श्रीमती रजनी दुबे भी वर्चुअल रूप से मौजूद रहीं। मुख्य न्यायधीश श्री रमेश सिन्हा के वर्चुवली भूमि पूजन-शिलान्यास के साथ ही मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पेंड्रारोड श्री महेशबाबू साहू और कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ पेंड्रारोड में आवासीय परिसर का शिलान्यास किया। जानकारी के अनुसार पेंड्रारोड में न्यायिक कर्मचारियों के लिए कुल 26 आवास बनाए जाएंगे। इनमें 8 जी-टाइप, 10 एच-टाइप तथा 8 आई-टाइप मकान शामिल हैं। वहीं मरवाही में आधुनिक सुविधाओं से युक्त सिविल कोर्ट भवन का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के न्यायाधीश वर्चुअल माध्यम से एवं जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही के कलेक्टर पुलिस अधीक्षक सहित समस्त प्रशासनिक अधिकारी गण उपस्थित रहे

# इंदौर मालवा महोत्सव में छाया रहा गेड़ी नृत्य का जादू

- विधानसभा अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री ने किया अनिल गढ़ेवाल का सम्मान
- इंदौर वासियों के मन को छू गया गेड़ी नृत्य का प्रदर्शन




**बिलासपुर।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश शासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 25 वा मालवा महोत्सव जो की इंदौर जिला में संपन्न हुआ इसमें बिलासपुर छत्तीसगढ़ की लोकप्रिय संस्था गेड़ी लोक नृत्य दल को प्रदर्शन हेतु आमंत्रण प्राप्त हुआ था गेड़ी लोक नृत्य दल अनिल कुमार गढ़ेवाल के कुशल नेतृत्व में प्रदर्शन दिनांक 6 एवं 7 तथा 8 मई को इंदौर के विराट मंच में प्रदर्शित किया गया ! गेड़ी लोक नृत्य का प्रदर्शन पारंपरिक वेशभूषा तथा पारंपरिक वाद्य यंत्र एवं पारंपरिक गीत शैली के आधार पर प्रदर्शित किया गया जिसकी सराहना इंदौर वासियों ने खुले मन से किये ! अनिल गढ़ेवाल के द्वारा गाया हुआ गीत काट ले हरिहर बाँसे जो भला गीत में इंदौर वासी झूम उठे वहीं बिना ताल टूटे एक ही जगह पर घूम-घूम कर मोहन डोंगरे ने मांदल वादन किया तो पूरा दशहरा मैदान तालिया की गड़गड़ाहट से गूंज उठा ! मुख्य मांदल वादक संजय रात्रे ने पारंपरिक मांदल वादन कर दर्शकों को चकित कर दिया वहीं महेश नवरंग के बांसुरी के स्वर लहरियों में इंदौर वासी झूम उठे तथा सौखी लाल सूर्यवंशी के द्वारा गीत एवं नृत्य को हारमोनियम में स्वर दिया गया सह वादक के रूप में रामनाथ उत्तम ने अपनी भूमिका निभाई ! दर्शन गण आश्चर्यचकित तब हुवे जब मुख्य गेड़ी नर्तक चेतन कुर्रे तथा लक्ष्मी नारायण माण्डले के गेड़ी में खड़े रहने के बावजूद शुभम भार्गव ने उनके कंधों पर खड़े होकर गेड़ी को हवा में लहराया तो दशहरा मैदान तालियो की गड़गड़ाहट से गूंज उठा वही फूलचंद ओगरे ने एक गेड़ी उठाकर डांस किया तो दर्शनगण आश्चर्य चकित हो गए सह गेड़ी नर्तक के रूप में मनोज माण्डले ,खेलन दास ओगरे ,अजय चेलकर, योगेश ओगरे ,संजय ओगरे ने अपनी भूमिका निभाई ! गेदी नृत्य प्रदर्शन के उपरांत केंद्रीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जी एवं मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी ने अनिल गढ़ेवाल का मंच पर सम्मानित किये !कौड़ियों एवं चीनी मिट्टी की माला पटसन वस्त्र ,मयूर पंख धारण करके सभी कलाकारों ने अद्भुत गेड़ी नृत्य का प्रदर्शन किया गेड़ी लोक नृत्य का नृत्य संचालन एवं गीत संयोजन अनिल कुमार गढ़ेवाल के द्वारा तैयार किया गया है !

